GHSS, Kadannappally
SSLC Hindi Model Examination Feb. 2018
Third Language – Hindi

Time: 1¾ Hrs Max Score: 40

सामान्य निर्देश:

15 मिनट का कूल ऑफ टाईम दिया जाएगा।

उत्तर लिखने से पहले प्रश्नों को अच्छी तरह समझने की कोशिश करें।

वैकल्पिक प्रश्नों से किसी एक का ही उत्तर लिखें।

सूचना: 'बीरबहूटी' का यह अंश पढ़ें और प्रश्न 1 और 2 के उत्तर लिखें।

'पैन में कुछ स्याही बची थी, उसे साहिल ने ज़मीन पर छिड़क दिया। नई स्याही भरवाने के लिए दोनों दुकान पर पहुँचे।'

1. '...उसे साहिल ने ज़मीन पर छिड़क दिया।'
   'उसे' में प्रयुक्त सर्वनाम कौन–सा है? (यह, मैं, वह) 1
2. प्रस्तुत अंश के आधार पर **पटकथा** का एक दृश्य तैयार करें। 4
3. 'दोनों छठी में आ गए।' 1
   'दोनों' के बदले में 'बेला' का प्रयोग करके वाक्य का पुनर्लेखन करें।

4. सही मिलान करें। 4

पशुचारक	–	नागार्जुन
पहाड़ी ढलान	–	जैक जोन्स
अकाल और उसके बाद	–	भेड़–बकरियाँ
मशहूर गीत	–	सीढ़ीनुमा खेत

www.shenischool.in

सूचना: 'टूटा पहिया' कविता का यह अंश पढ़ें और प्रश्न 5 और 6 के उत्तर लिखें।

मैं
रथ का टूटा हुआ पहिया हूँ
लेकिन मुझे फेंको मत!

5. टूटा पहिया ऐसा क्यों कहता है? 2
6. 'टूटा पहिया' कविता की प्रासंगिकता पर **टिप्पणी** लिखें। 4

सूचना: 'ठाकुर का कुआँ' कहानी का यह अंश पढ़ें और प्रश्न 7 से 9 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें।

यहाँ तो जितने हैं, एक से एक छंटे हैं। चोरी ये करें, जाल–फरेब ये करें, झूठे मुकदमे ये करें। अभी इस ठाकुर ने तो उस दिन बेचारे गड़रिए की भेड़ चुरा ली थी और बाद में मारकर खा गया।

7. यह किसका विचार है? 1
8. यहाँ किसके बारे में बताया गया है? क्यों? 2
9. 'जातीय असमानता एक अभिशाप है।' जातीय असमानता रोकने का संदेश देते हुए एक **पोस्टर** तैयार करें। 4

या

सूचना: 'बच्चे काम पर जा रहे हैं' कविता का यह अंश पढ़कर नीचे दिए प्रश्न का उत्तर लिखें।

कोहरे से ढँकी सड़क पर बच्चे काम पर जा रहे हैं
सुबह–सुबह बच्चे काम पर जा रहे हैं

sheniblog

'बालश्रम एक सामाजिक अभिशाप है' विषय पर एक **लघु लेख** लिखें।

सूचनाः यह अंश पढ़कर 10 से 12 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें।

'फेलू और तोपसे फटाफट ऊँट की पीठ पर चढ़ जाते हैं लेकिन लालमोहन किसी तरह बड़ी मुश्किल से चढ़ पाता है।'

10. यह किस पाठ का अंश है? 1

11. ये लोग कौन–कौन हैं? ऊँटों पर चढ़कर कहाँ जा रहे हैं? 2

12. इनको ऊँटों पर क्यों यात्रा करनी पड़ती है? 2

सूचनाः 'गुठली तो पराई है' कहानी का यह अंश पढ़ें और प्रश्न 13 और 14 के उत्तर लिखें।

"पर ताऊजी उसमें भइया के छोटे से बच्चे का भी नाम है जो अभी बोल भी नहीं सकता तो मेरा....."
"तो क्या हुआ? तेरा नाम तेरे अपने कार्ड में छपेगा यहाँ नहीं..."

13. यहाँ गुठली किसके संबंध में शिकायत करती है? 2

14. इस प्रसंग पर गुठली के एक दिन की **डायरी** तैयार करें। 4

सूचनाः 'जैसलमेर' के इस अंश का वाचन करें और प्रश्न 15 का उत्तर लिखें।

जैसलमेर की यात्रा और सिर्फ तीन तीन का समय... बहुत कम है दोस्तो। लेकिन पिछली दिवाली में मेरी इस 20–20 ओवर के मैच जेसी जैसलमेर यात्रा में मुझे ऐसे कई किस्से मिले जो हमेशा याद रहेंगे।

15. मान लें कि मिहिर अपना यात्रानुभव मित्र से बाँट रहे हैं। मित्र के नाम मिहिर का **पत्र** कल्पना करके लिखें। 4

या

सूचनाः 'बसंत मेरे गाँव का' लेख का यह अंश पढ़कर नीचे दिये प्रश्न का उत्तर लिखें।

रास्ते में आनेवाले गाँवों से उनका लेन–देन भी होता रहता है। वे जानवरों के साथ कीड़ाजड़ी चुरु जैसी दुर्लभ हिमालयी जड़ी व औषधियाँ भी बेचते हैं।

प्रश्नः पशुचारक और गाँववाले के बीच का संभावित **वार्तालाप** तैयार करें।

सूचनाः 'लग' का प्रयोग करके नमूने के अनुसार रिक्त स्थान की पूर्ति करें।

रंजित चलता है। रंजित चलने लगा।

16. हम चलते हैं। 1

सूचनाः नमूने के अनुसार 'पड़' का प्रयोग करके वाक्य का पुनर्लेखन करें।

अतुल स्कूल तक पैदल चलता है।

अतुल को स्कूल तक पैदल चलना पड़ता है।

17. अंजना स्कूल तक पैदल चलती है। 1